अमर उजाला

Date: 23.08.2024

# विद्यार्थियों को बताए एनसीसी के उद्देश्य

## चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स का पंजीकरण शुरू

संवाद न्यूज एजेंसी

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में एनसीसी कैडेट पंजीकरण प्रक्रिया का वीरवार को आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों को पंजीकरण की तिथि, समय और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई।

कमांडेंट ऑफिसर जगजोत सिंह ने छात्रों को एनसीसी के उद्देश्यों, लाभों और गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने एनसीसी की जीवनशैली और अनुशासन के बारे में बताया गया।

कुलपति कर्नल डॉ. रणपाल सिंह ने विद्यार्थियों को देश प्रेम से जुड़ी बातें बताकर देश सेवा करने के लिए प्रेरित किया। कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने संदेश दिया कि एनसीसी कैडेट्स के जीवन में समय का पाबंद होना बेहद जरूरी है।

कैडेट्स को सभी गतिविधियों और प्रशिक्षण सत्रों में समय पर उपस्थित होना चाहिए। पंजीकरण के बाद छात्रों के लिए शारीरिक परीक्षण और साक्षात्कार का आयोजन किया गया। शारीरिक परीक्षण में छात्रों की फिटनेस का आकलन किया गया, जिसमें दौड़, पुश-अप्स, और अन्य शारीरिक चुनौतियां शामिल थीं।


सीआरएसयू में एनसीसी की गतिविधियों में शामिल छात्राएं। स्रोत : संस्थान

इसके बाद साक्षात्कार में छात्रों की मानसिक तैयारी, नेतृत्व क्षमता, और एनसीसी में शामिल होने की प्रेरणा को परखा गया। छात्रों ने ड्रिल, शारीरिक प्रशिक्षण और अन्य गतिविधियों में भाग लिया जो उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण थे। इस अवसर पर एनसीसी सेल की एएनओ डॉ. सुमन पूनिया मौजूद रही।

दैनिक जागरण

Date: 23.08.2024

# विद्यार्थियों का एनसीसी के लिए हुआ शारीरिक परीक्षण



विश्वविद्यालय में शारीरिक दक्षता में भाग लेते विद्यार्थी। • पीआर

जागरण संवाददाता • जींद: चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में एनसीसी कैडेट पंजीकरण प्रक्रिया का आयोजन किया गया। इसमें कमांडेंट आफिसर जगजोत सिंह ने छात्रों को एनसीसी के उद्देश्यों, लाभ व गतिविधियों के बारे में जानकारी दी और छात्रों को एनसीसी की जीवनशैली और अनुशासन के बारे में बताया गया।

विश्वविद्यालय कुलपति कर्नल डा. रणपाल सिंह ने विद्यार्थियों को देश प्रेम से जुड़ी हुई बातें बताकर देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स के जीवन में समय प्रबंधन होना बेहद जरूरी है और कैडेट्स को सभी गतिविधियों और प्रशिक्षण सत्रों में समय पर उपस्थित होना चाहिए। पंजीकरण के बाद छात्रों के लिए शारीरिक परीक्षण और साक्षात्कार का आयोजन किया गया। शारीरिक परीक्षण में छात्रों की फिटनेस का आकलन किया गया, जिसमें दौड़, पुश-अप्स व दूसरी शारीरिक चुनौतियां शामिल थीं।

**विद्यार्थियों को देश की सेवा करने के लिए किया प्रेरित, विद्यार्थियों के लिए साक्षात्कार का आयोजन भी किया गया**

पंजाब केसरी

Date: 23.08.2024

# सी.आर.एस.यू. में कैडेट पंजीकरण प्रक्रिया आयोजित

जींद, 22 अगस्त (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विद्यालय में एन.सी.सी. (नैशनल कैडेट कोर) कैडेट पंजीकरण प्रक्रिया का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया।

यूनिवर्सिटी द्वारा पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू होने से पहले एन.सी.सी. यूनिट ने छात्रों को इसके बारे में सूचित किया। छात्रों को पंजीकरण की तिथि, समय और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई।

पंजीकरण प्रक्रिया की शुरूआत एक ओरिएंटेशन सत्र के साथ की गई।इस अवसर पर कमांडेंट ऑफिसर जगजोत सिंह ने छात्रों को एन.सी.सी. के उद्देश्यों, लाभों और गतिविधियों के बारे में जानकारी दी और छात्रों को एन.सी.सी. की जीवनशैली और अनुशासन के बारे में बताया गया।



चयन प्रक्रिया में भाग लेते बच्चे।

विश्वविद्यालय कुलपति कर्नल डॉ. रणपाल सिंह ने विद्यार्थियों को देश प्रेम से जुड़ी हुई बातें बताकर देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया और सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने संदेश दिया कि एन.सी.सी. कैडेट्स के जीवन में समय प्रबंधन होना बेहद जरूरी है और कहा कि कैडेट्स को सभी गतिविधियों और प्रशिक्षण सत्रों में समय पर उपस्थित होना चाहिए।

ओरिएंटेशन सत्र के बाद, इच्छुक छात्रों को आवेदन फॉर्म वितरित किए गए। छात्रों ने फॉर्म भरकर आवश्यक दस्तावेज संलग्न किए, जिनमें पहचान पत्र, शैक्षणिक प्रमाणपत्र और पासपोर्ट आकार की तस्वीरें शामिल थीं।

पंजीकरण के बाद, छात्रों के लिए शारीरिक परीक्षण और साक्षात्कार का आयोजन किया गया। शारीरिक परीक्षण में छात्रों की फिटनैस का आकलन किया गया, जिसमें दौड़, पुश-अप्स और अन्य शारीरिक चुनौतियां शामिल थीं।

इसके बाद साक्षात्कार का आयोजन हुआ, जिसमें छात्रों की मानसिक तैयारी, नेतृत्व क्षमता और एन.सी.सी. में शामिल होने की प्रेरणा को परखा गया।

पंजीकरण प्रक्रिया के समापन के बाद, नियमित एन.सी.सी. प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। छात्रों ने ड्रिल, शारीरिक प्रशिक्षण और अन्य गतिविधियों में भाग लिया, जो उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण थे।

इस प्रकार, विश्वविद्यालय स्तर पर एन.सी.सी. कैडेट पंजीकरण प्रक्रिया का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिससे नए कैडेट्स को एन.सी.सी. का हिस्सा बनने का अवसर मिला।

इस पूरे कार्यक्रम की देख-रेख एन.सी.सी. सैल की ए.एन.ओ. डॉ. सुमन पूनिया द्वारा की गई।

दैनिक भास्कर
ई-पेपर

Date: 23.08.2024

# कमांडेंट ऑफिसर ने सीआरएसयू के विद्यार्थियों को बताए एनसीसी के फायदे



जींद. प्रशिक्षण में भाग लेते एनसीसी कैडेट्स।

जींद| सीआरएसयू में एनसीसी कैडेट पंजीकरण कार्यक्रम में नए कैडेट्स को एनसीसी का हिस्सा बनने का अवसर मिला। कार्यक्रम की देखरेख एनसीसी सेल की एएनओ डॉ. सुमन पूनिया ने की। पंजीकरण प्रक्रिया के समापन के बाद, नियमित एनसीसी प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। छात्रों ने ड्रिल, शारीरिक प्रशिक्षण में भाग लिया। कमांडेंट ऑफिसर जगजोत सिंह ने छात्रों को एनसीसी के उद्देश्यों, लाभों, गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। छात्रों को एनसीसी की जीवनशैली, अनुशासन के बारे में बताया गया। कुलपति कर्नल डॉ. रणपाल सिंह ने विद्यार्थियों को देश प्रेम से जुड़ी हुई बातें बताकर देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने संदेश दिया कि एनसीसी कैडेट्स के जीवन में समय प्रबंधन होना बेहद जरूरी है। कैडेट्स को सभी गतिविधियों, प्रशिक्षण सत्रों में समय पर उपस्थित होना चाहिए।